## गुस्ताखी माफ



इतने वर्षों बाद अब, क्या होगा सरकार।
वर्षों पहले हजम कर, हम ले चुके डकार।
हम ले चुके डकार, कटा अब जाकर पर्चा।
फिर जायेंगे भूल, चंद दिन करके चर्चा।
कह साहिल कविराय, धरे हैं कहिए कितने।
क्या होगा सरकार, बाद वर्षों के इतने।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS






VOL: 11 | ISSUE 110 | FRIDAY 01-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# चोआ नदी में जहरीले केमिकल का आरोप, पानी काला और झागदार

## किसानों की फसलें प्रभावित, लोगों ने प्रशासन और प्रदूषण विभाग पर उठाए सवाल





डेराबस्सी/यूटर्न/30 अप्रैल। हल्का डेराबस्सी के अंतर्गत बहने वाली चोआ नदी में लगातार केमिकल छोड़े जाने के गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में स्थित फैक्ट्रियों से निकलने वाला दूषित पानी सीधे नदी में डाला जा रहा है, जिससे नदी का पानी दिन-प्रतिदिन काला होता जा रहा है और उसमें झाग की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है।

ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से चली आ रही है। उनका कहना है कि पहले चोआ नदी का पानी साफ हुआ करता था और किसान इसी पानी से अपनी फसलों की सिंचाई करते थे। सब्जियों और अनाज की खेती इसी पानी पर निर्भर थी, लेकिन अब हालात ऐसे हो गए हैं कि इस पानी का इस्तेमाल करना भी जोखिम भरा हो गया है। किसानों ने बताया कि दूषित पानी के कारण उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं और उत्पादन में भी गिरावट आई है। साथ ही जमीन की उर्वरता पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि नदी के आसपास सैकड़ों की संख्या में छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं। इनमें से कुछ बड़ी कंपनियों पर विशेष तौर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि वे भूमिगत पाइपलाइन के जरिए सीधे नदी में केमिकल छोड़ रही हैं। लोगों का कहना है कि बहते पानी में भी झाग और कालेपन की स्थिति साफ तौर पर देखी जा सकती है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि प्रदूषण का स्तर काफी अधिक है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारी समय-समय पर मौके पर पहुंचकर पानी के सैंपल तो लेते हैं, लेकिन इसके बाद कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती। लोगों का आरोप है कि कई बार सैंपल की रिपोर्ट भी फेल आ चुकी है, इसके बावजूद जिम्मेदार इकाइयों पर सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही।

इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में रोष का माहौल है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि चोआ नदी में हो रहे प्रदूषण की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और दोषी फैक्ट्रियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि आखिर कब तक डेराबस्सी के लोग इस तरह की 'नरक भरी जिंदगी' जीने को मजबूर रहेंगे।

# पंजाब सरकार एक्शन मोड में : मानसून से पहले सीवर सफाई के आदेश

### सीवर सफाई में लापरवाही नहीं चलेगी: Sanjeev Arora

चंडीगढ़/यूटर्न/30 अप्रैल। पंजाब सरकार ने आगामी मानसून से पहले राज्यभर में सीवरेज की सफाई और डी-सिल्टिंग के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने सभी नगर निगम आयुक्तों



और अतिरिक्त उपायुक्तों (जी एंड यूडी) को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से सीवरों की सफाई सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा कि समय पर डी-सिल्टिंग न होने से जलभराव, सीवर ओवरफ्लो, ट्रैफिक जाम और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पहले से दिए गए ठेकों के तहत कार्य तुरंत शुरू कर मानसून से पहले पूरा किया जाए, खासकर निचले और जलभराव वाले इलाकों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने बताया कि इस अभियान से बारिश के पानी का सुचारु निकास होगा, बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और हैजा का खतरा कम होगा और शहरों की स्वच्छता बेहतर होगी। साथ ही, सड़कों और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान से बचाया जा सकेगा तथा ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु बनी रहेगी। मंत्री ने सख्त निगरानी और नियमित रिपोर्टिंग के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें, ताकि मानसून के दौरान लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।


ॐ

सर्व शक्तिमते, परमात्मने श्री रामाय: नम:



स्वर्गीय श्री अश्वनी जैन

आपको बड़े दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि
हमारे आदरणीय **श्री अश्वनी जैन**
(सुपुत्र श्री मोती लाल–जैन, शीला रानी जैन 'बनूड़ वाले')
अपनी सांसारिक यात्रा सम्पन्न कर बुधवार
दिनांक 29 अप्रैल 2026 को प्रभु चरणों में विलीन हो गए है।

**रस्म पगड़ी**

दिनांक 1 मई 2026, दिन शुक्रवार प्रातः 11.00 बजे
शहनशाह पैलेस, फिरोजपुर रोड, लुधियाना में होगी।

दुःखी हृदय

**मोती लाल जैन – शीला रानी जैन (पिता–माता)**

चंदना जैन (धर्मपत्नी)
मोहित जैन–श्रेया जैन (पुत्र–पुत्रवधु)
पलक जैन–यशुल जैन (बेटी–दामाद)
अद्वित जैन (पौत्र)

स्व. श्री चमन लाल जैन परिवार,
सुन्दर नगर लुधियाना
आर.के.जैन एडवोकेट, चंडीगढ़ (चाचा)

रजत जैन–श्वेता जैन (भाई–भाभी)
सिल्की जैन–अनूप जैन (बहन–बहनोई)
शुभम जैन, गोयम जैन (भतीजे)
स्व.राज रानी जैन–स्व.इज्जत राय जैन (भुआ–फूफड़)
माला जैन–अभय जैन (भुआ–फूफड़)
राजन जैन–प्रीति जैन (समधी–समधन)
Parshav S. Knitwears
प्रदीप जैन–मीनू जैन (समधी–समधन)
Pardeep Jewellers

ससुराल परिवार: स्व. श्री धर्मपाल जैन लोहढ़ा परिवार, किचलू नगर लुधियाना

M/s. SUNBRIGHT HOSIERY | M/s. MOTI COLLECTION

LUDHIANA (M) 94170-22429, 99144-55666

# रुपया 95.21 के स्तर पर पहुंचा, बाद में थोड़ी रिकवरी हुई; 2026 में 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज

चंडीगढ़/यूटर्न/30 अप्रैल। गुरुवार को भारतीय रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिर गया। निवेशक भारत के सामने मौजूद आर्थिक जोखिमों को लेकर चिंतित थे - कच्चे तेल की कीमतें 2022 के उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। इससे भारत जैसे शुद्ध ऊर्जा आयातक देश के लिए महंगाई और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया है, और पूंजी प्रवाह भी प्रभावित हो रहा है। मुद्रा गिरकर 95.33 प्रति डॉलर पर आ गई, जो उस दिन 0.5% की गिरावट थी। इसने मार्च के अंत में बने अपने पिछले सर्वकालिक निचले स्तर 95.21 को भी पीछे छोड़ दिया। बाद में इसने अपनी कुछ गिरावट की भरपाई की और 94.91 पर बंद हुआ, जो पिछले सत्र की तुलना में मामूली रूप से ही कमजोर था।



तेल की कीमतों के प्रति संवेदनशील अन्य एशियाई मुद्राएं, जैसे कि इंडोनेशियाई रुपिया, भी गुरुवार को कमजोर हुई। ऐसा तब हुआ जब ब्रेंट क्रूड वायदा 126.4 डॉलर प्रति बैरल तक चढ़ गया - जो चार वर्षों में सबसे उच्च स्तर था - हालांकि बाद में एक अस्थिर सत्र के दौरान इसकी कीमतों में गिरावट आई। रुपये में आई इस गिरावट ने उन सभी लाभों को खत्म कर दिया है, जो पिछले महीने के अंत में केंद्रीय बैंक द्वारा मुद्रा को सहारा देने के लिए उठाए गए दुर्लभ नियामक उपायों के कारण मिले थे। इसके चलते, अप्रैल की शुरुआत में 92.40 के स्तर तक पहुंचने के बावजूद, महीने-दर-महीने आधार पर मुद्रा का मूल्य लगभग स्थिर ही रहा।

इस उलटफेर ने व्यापारियों और विश्लेषकों को यह अनुमान लगाने पर मजबूर कर दिया है कि जल्द ही कुछ नए नियामक उपाय किए जा सकते हैं। जेबी ड्रैक्स होनोर में एशिया मैक्रो रणनीतिकार विवेक राजपाल ने कहा, ३यदि अवमूल्यन का दबाव बना रहता है, तो भारतीय रिजर्व बैंक स्पॉट मुद्रा बाजार से तेल-संबंधित डॉलर की मांग को नियंत्रित करने, सोने के आयात में कटौती करने और मुद्रा को सहारा देने के लिए मौद्रिक नीति को सख्त करने जैसे उपायों पर विचार कर सकता है।३ भारत के ऐतिहासिक रुझान भी यह दर्शाते हैं कि तेल की ऊंची कीमतें अक्सर महंगाई को बढ़ावा देती हैं, और अंततः भारतीय रिजर्व बैंक को इस पर प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर कर देती हैं।

### मौलिक दबाव

2026 में अब तक रुपये में 5% से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष हुई लगभग उतनी ही गिरावट के बाद आई है। यह एक ऐसा दौर रहा है जब भारत के बाहरी क्षेत्र को लगातार कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है - इनमें अमेरिका के साथ व्यापारिक तनाव से लेकर पूंजी प्रवाह में कमजोरी और हाल ही में, इतिहास में ऊर्जा आपूर्ति में आई सबसे गंभीर बाधाएं शामिल हैं। जानकारों का कहना है कि करेंसी में लगातार कमजोरी विदेशी पूंजी के प्रवाह पर एक नकारात्मक असर डाल सकती है। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि इससे विदेशी निवेशकों का रिटर्न कम हो जाएगा, और साथ ही आयात की कीमतें बढ़ने से महंगाई का दबाव भी बढ़ जाएगा। इसी चिंता को देखते हुए, विदेशी निवेशकों ने मार्च और अप्रैल के महीनों में अब तक 20 अरब डॉलर से ज्यादा के भारतीय शेयर और बॉन्ड बेच दिए हैं।

# पंजाब में राजनीतिक T20 शुरू

## पर्सन ऑफ द ईयर पर कार्रवाई से औद्योगिक और राजनीतिक क्षेत्र में हलचल

अशोक सहगल

लुधियाना यू टर्न 30 अप्रैल। पंजाब के प्रमुख औद्योगिक घराने ट्राइडेंट ग्रुप के धौला स्थित परिसर में आज राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अचानक छापा मारा। करीब 4 घंटे तक फैक्ट्री के भीतर विभाग की जांच चली। इसके बाद टीम के सदस्य बिना कुछ जानकारी दिए निकल गए। इस कार्रवाई ने राज्य के औद्योगिक और राजनीतिक दोनों ही गलियारों में हलचल पैदा कर दी है।मिली जानकारी के अनुसार, प्रदूषण विभाग की टीम में लगभग 10 अधिकारी थे। यह टीम 3 से 4 गाड़ियों में सवार होकर अचानक ट्राइडेंट के धौला परिसर पहुंची। टीम ने फैक्ट्री में प्लांट व आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से चेकिंग की। राजनीतिक और औद्योगिक स्तर पर इस कार्रवाई को राजनीति में ळ20 कार्रवाई का दौर कहां जा रहा है उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले जो साथ सांसद आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में गए थे राजेंद्र गुप्ता भी उनमें से एक है राज्य में राजेंद्र गुप्ता की छवि आम आदमी और औद्योगिक क्षेत्र में काफी अच्छी मानी जाती है 9 महीने पहले अंतर्राष्ट्रीय टाइम्स मैगजीन द्वारा राजेंद्र गुप्ता को पर्सन ऑफ द ईयर चुना गया है।

### क्या दूसरे सांसद पर भी होगी कार्रवाई

ट्रिडेंट ग्रुप के परिसर में प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड विभाग की कार्रवाई के बाद राजनीतिक क्षेत्र में ऐसे क्यास लगाए जा रहे हैं कि इसके बाद क्या लवली ग्रुप पर भी ऐसी कार्रवाई हो सकती है अगर यह सिलसिला शुरू होता है तो इसके बदले में भाजपा अपनी पारी में कैसा उत्तर देती है यह देखने की बात है परंतु इस राजनीतिक ळ20 में कौन ऊपर रहेगा कौन नीचे यह तो आने वाला वक्त बताएगा लोगों का कहना है कि यह दौर राजनीति किस क्षेत्र में ठीक नहीं इस परंपरा के कई प्रकार के घातक असर हो सकते हैं एक तरफ तो सरकार उद्योगपतियों को आकर्षित करने के लिए दिन-रात एक क्यों है जबकि दूसरी ओर द्वेष की भावना से प्रदेश के अग्रणीय उद्योगपतियों पर ऐसी कारवाइयां की जा रही है इसका औद्योगिक क्षेत्र में गलत मैसेज भी जा सकता है।




### करोड़पति राजिंदर गुप्ता का साधारण जीवन

राज्यसभा चुनाव में दिए हलफनामे के मुताबिक, राजिंदर गुप्ता 10वीं पास हैं। उनके पास न तो अपनी कोई कार है, न ही कृषि लायक जमीन और न ही कोई व्यापारिक इमारत है, लेकिन उनका परिवार 5 हजार 53 करोड़ की चल-अचल जायदाद का मालिक है। इसमें से 4338.77 करोड़ की चल और 615.74 करोड़ की अचल संपति है।

**कंपनी का 5 हजार करोड़ का टर्नओवर :** ट्राइडेंट कंपनी का सालाना टर्नओवर 5 हजार करोड़ रुपए से भी ऊपर का है। राजिंदर गुप्ता को पंजाब का धीरूभाई अंबानी भी कहा जाता है।

**उद्योगपति के साथ समाजसेवी भी हैं गुप्ता :** राजिंदर गुप्ता मशहूर उद्योगपति तो हैं ही, उसके साथ-साथ समाजसेवी भी हैं। वह कई धार्मिक और समाजसेवी संगठनों को दान देते हैं। कोरोना काल में भी ट्राइडेंट की तरफ से देश में लाखों PPT किटें और मास्क तैयार कर मुफ्त बांटे गए थे। इसके अलावा वे श्री काली करीब नौ महीने पहले कारोबारी राजिंदर गुप्ता और उनके ट्राइडेंट समूह को अंतर्राष्ट्रीय टाइम मैगजीन के दिसंबर 2024 (पर्सन ऑफ द ईयर) संस्करण में शामिल किया गया था। टाइम के प्रधान संपादक सैम जैकब्स के अनुसार, ट्राइडेंट ग्रुप की टेक्सटाइल (यार्न, बाथ और बेड लिनन) पेपर (गेहूं के भूसे पर आधारित) और केमिकल क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपस्थिति है।

# वेप वीडियो विवादः रियान पराग पर भारी जुर्माना; राजस्थान रॉयल्स सख्त कार्रवाई के लिए तैयार

## वायरल क्लिप से अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू; फ्रेंचाइजी ने गलती मानी

चंडीगढ़/यूटर्न/30 अप्रैल। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया, जिसमें कथित तौर पर रियान पराग को वेप डिवाइस का इस्तेमाल करते हुए दिखाया गया था। इसके बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। उन्हें अपनी मैच फीस का 25 प्रतिशत हिस्सा गंवाना पड़ सकता है और आईपीएल में एक डिमेरिट पॉइंट भी मिल सकता है। इस युवा ऑलराउंडर पर जुमार्ना लगाया गया है, जबकि उनकी टीम, राजस्थान रॉयल्स को अतिरिक्त प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या टीम के व्यापक प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ है। एक संक्षिप्त बयान में, रॉयल्स के कप्तान ने इस घटना को स्वीकार करते हुए इसे निर्णय लेने में हुई चूक बताया और पुष्टि की कि फ्रेंचाइजी लीग की जांच में पूरी तरह सहयोग कर रही है। टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों के आचरण और लीग के दिशानिर्देशों के पालन की आंतरिक समीक्षा शुरू कर दी है, विशेष रूप से उन मामलों में



जो स्वास्थ्य, सार्वजनिक छवि और पेशेवर मानकों से संबंधित हैं।

### जुर्माना जैसे व्यक्तिगत दंड सामान्य बात

लीग के सूत्रों का कहना है कि जहां जुमार्ना जैसे व्यक्तिगत दंड सामान्य बात है, वहीं बार-बार या सार्वजनिक रूप से होने वाले उल्लंघन सख्त उपायों को आमंत्रित कर सकते हैं, जिनमें औपचारिक चेतावनी, अनिवार्य परामर्श या टीम के लिए सख्त नियम शामिल हैं। आईपीएल ने मैदान के बाहर के अनुशासन पर लगातार जोर दिया है, खासकर उन मामलों में जो युवा दर्शकों को प्रभावित करते हैं।

### धूम्रपान बनाम निकोटीन के साथ वेपिंग

धूम्रपान में तंबाकू को जलाना शामिल होता है, जिससे ऐसा धुआं निकलता है जिसमें टार, कार्बन मोनोऑक्साइड और हजारों हानिकारक रसायन होते हैं। जलने की यह प्रक्रिया ही सिगरेट द्वारा फेफड़ों और हृदय को गंभीर नुकसान पहुंचाने का मुख्य कारण है। दूसरी ओर, वेपिंग में एक तरल पदार्थ को गर्म करके भाप बनाई जाती है। जब इसमें निकोटीन मौजूद होता है, तो यह वही नशीला पदार्थ शरीर में पहुंचाता है जो सिगरेट में पाया जाता है। हालांकि वेपिंग आमतौर पर उपयोगकताओं को धूम्रपान की तुलना में कम जहरीले रसायनों के संपर्क में लाती है, लेकिन यह पूरी तरह से हानिरहित नहीं है और अभी भी स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है।

### वेपिंग से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं

चिकित्सा विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि वेपिंग से वास्तविक जोखिम जुड़े हैं। ई-लिक्विड में मौजूद निकोटीन अत्यधिक नशीला होता है और यह मस्तिष्क के कामकाज को प्रभावित कर सकता है, विशेष रूप से युवा व्यक्तियों में। सांस के साथ अंदर ली गई भाप फेफड़ों में जलन पैदा कर सकती है और समय के साथ इसे सांस लेने संबंधी समस्याओं से जोड़ा गया है। हृदय संबंधी प्रभावों को लेकर भी चिंताएं हैं, क्योंकि निकोटीन हृदय गति और रक्तचाप को बढ़ा सकता है।

### वेप को सुरक्षित विकल्प माना जाता

हालांकि वेपिंग को अक्सर धूम्रपान के एक सुरक्षित विकल्प के रूप में प्रचारित किया जाता है, लेकिन इसके दीर्घकालिक प्रभाव अभी भी अनिश्चित हैं। जैसे-जैसे इस घटना की जाँच-पड़ताल जारी है, इस प्रकरण ने खिलाड़ियों के बीच वेपिंग और इससे प्रशंसकों को मिलने वाले संदेश को लेकर चल रही बहस को भी फिर से हवा दे दी है।

# पीपीसीबी की ट्राइडेंट ग्रुप परिसर पर रेड, आगामी दिनों में बढ़ सकती है और भी मुश्किलें !

## आप से भाजपा में दलबदल के बाद प्रदूषण की पुरानी शिकायतें फिर सामने आईं

चंडीगढ़/यूटर्न/30 अप्रैल। एक नाटकीय घटनाक्रम में, पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड (पीपीसीबी) की टीमों ने गुरुवार को बरनाला में ट्राइडेंट ग्रुप की यूनिट पर एक बड़ा छापा मारा। इस कार्रवाई ने एक राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है, क्योंकि यह कार्रवाई ट्राइडेंट के मालिक राजेंद्र गुप्ता के आम आदमी पार्टी (आप) से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल होने के कुछ ही दिनों बाद हुई है। अधिकारियों के अनुसार, दोपहर के समय पीपीसीबी के लगभग नौ वाहन बरनाला के धौला गांव में स्थित ट्राइडेंट फैक्ट्री परिसर में दाखिल हुए। जांच टीमें चार घंटे से अधिक समय तक अंदर रहीं और उन्होंने अपशिष्ट जल उपचार प्रणालियों, उत्सर्जन नियंत्रणों और नियमों के पालन से जुड़े रिकॉर्ड की जांच की। बताया जा रहा है कि प्रयोगशाला में विश्लेषण के लिए नमूने एकत्र किए गए हैं, हालांकि जांच के नतीजों पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।






**इस कार्रवाई को अलग अलग तरीके से देख रहे लोग...**इस कार्रवाई के समय ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। जहां अधिकारी इसे पर्यावरणीय चिंताओं पर आधारित एक नियामक कार्रवाई बता रहे हैं, वहीं राजनीतिक विश्लेषक इसे पंजाब के राजनीतिक परिदृश्य में हाल के घटनाक्रमों के चश्मे से देख रहे हैं। राजेंद्र गुप्ता जो पहले आप से राज्यसभा सांसद थे, कुछ ही दिन पहले बीजेपी में शामिल हुए थे और इस संदर्भ में इस छापे को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, राजनीतिक बदलाव और इस कार्रवाई के बीच कोई औपचारिक संबंध अभी तक स्थापित नहीं हुआ है।

**शिकायतें और अतीत में कथित निष्क्रियता...**सालों से, बरनाला और उसके आसपास रहने वाले लोग ट्राइडेंट ग्रुप की इस यूनिट से होने वाले कथित वायु और जल प्रदूषण को लेकर चिंता जताते रहे हैं। भूजल के दूषित होने से लेकर औद्योगिक उत्सर्जन तक की शिकायतें कई बार अधिकारियों को सौंपी गई हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि बार-बार शिकायतें करने के बावजूद, ठोस कार्रवाई बहुत कम हुई है।

**रसूख के कारण पहले नहीं हो रहा था एक्शन...**कई निवासी इस कथित देरी का कारण कंपनी के नेतृत्व के औद्योगिक और राजनीतिक रसूख को मानते हैं। ट्राइडेंट ग्रुप, जो इस क्षेत्र में रोजगार देने वाली एक बड़ी कंपनी है, अपने आर्थिक योगदान के कारण स्थानीय स्तर पर काफी समर्थन हासिल करता रहा है। चर्चा है कि इस आर्थिक योगदान के कारण ही प्रशासन द्वारा इस ग्रुप पर एक्शन नहीं लिया जाता था। जबकि सरकार का रवैया भी ढ़ीला रहा। हालांकि लोग समय समय पर इस ग्रुप द्वारा प्रदूषण फैलाने को लेकर मामला उठाते रहे हैं।

**अब आगे क्या होगा...**फिलहाल, पीपीसीबी के अधिकारियों ने जांच के विस्तृत नतीजे साझा नहीं किए हैं और मीडिया के सवालों का भी कोई जवाब नहीं दिया गया है। प्रयोगशाला की रिपोर्टों और नियमों के पालन की जांच के नतीजों से ही आगे की कार्रवाई तय होगी। इस कार्रवाई में जुमार्ना लगाना, सुधारात्मक उपायों के निर्देश देना, या आगे की कानूनी कार्यवाही करना शामिल हो सकता है। इस घटना ने न केवल पंजाब में औद्योगिक प्रदूषण की जाँच-पड़ताल को तेज कर दिया है, बल्कि यह भी उजागर किया है कि नियामक कार्रवाई किस तरह राजनीतिक घटनाक्रमों से जुड़ सकती है। फिलहाल, सभी की नजरें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अंतिम रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो इस हाई-प्रोफाइल जाँच से सामने आ रहे तथ्यों को स्पष्ट करेगी।

# प्रदूषण विभाग के भ्रष्टाचार के खिलाफ लुधियाना के औद्योगिक संगठन एकजुट

लुधियाना/यूटर्न/30 अप्रैल। प्रदूषण विभाग के SDO गुरविंदर सिंह गिल द्वारा कथित रूप से रिश्वत मांगने के मामले को लेकर लुधियाना के विभिन्न औद्योगिक संगठन एकजुट हो गए हैं। यूनाइटेड साइकिल पार्ट्स संघ के चेयरमैन एवं पंजाब भाजपा के वाइस प्रधान जतिंदर मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी संगठनों ने एक स्वर में मांग की कि भ्रष्ट अधिकारियों को तुरंत लुधियाना से हटाया जाए। संगठनों ने आरोप लगाया कि प्रदूषण विभाग में भ्रष्टाचार सभी सीमाएं पार कर चुका है। अधिकारी पहले जांच के बहाने उद्योगों का दौरा करते हैं, फिर नोटिस जारी कर बिचौलियों के जरिए लाखों रुपये की रिश्वत वसूलते हैं। संगठनों ने यह भी सवाल उठाया कि विभाग के चीफ इंजीनियर के कार्यालय में यह खुला खेल कैसे चल रहा है। फिको के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.सी. रलहन, वर्ल्ड MSME फोरम के अध्यक्ष बदीश जिंदल सहित कई प्रमुख उद्योगपतियों ने बैठक में भाग लिया। संगठनों की मुख्य मांग है कि SDO गुरविंदर सिंह गिल को तुरंत सस्पेंड किया जाए और सभी अवैध नोटिस रद्द किए जाएं। यदि 10 दिनों में मांगें नहीं मानी गईं तो उद्योगपति भूख हड़ताल पर बैठेंगे।



# बिजली कटों के विरोध में सड़कों पर उतरा अकाली दल, भीषण गर्मी में दिया धरना

डेराबस्सी/यूटर्न/30 अप्रैल। बिजली के अघोषित कटों के विरोध में पंजाब व्यापी कार्यक्रम के तहत वीरवार को डेराबस्सी में अकाली दल कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भीषण गर्मी में अकाली दल कार्यकर्ता यहां जुटे। पूर्व विधायक एवं अकाली दल कोषाध्यक्ष एन के शर्मा के नेतृत्व में दिए गए धरने में हल्के के कार्यकताओं ने बिजली कटौती को लेकर सरकार को कोसा। धरने को संबोधित करते हुए एन के शर्मा ने कहा कि लंबे समय से बिजली सप्लाई बाधित होने के कारण आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं, व्यापारिक गतिविधियों और किसानों के कामकाज पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है। पूर्व विधायक एनके शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार बिजली व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात बेहद खराब हैं। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अकाली दल की सरकार में पंजाब बिजली के मामले में सरप्लस स्टेट था।



# 17 साल के युवक ने शकी हालातों में फंदा लगा की खुदकुशी

लुधियाना/यूटर्न/30 अप्रैल। बेअंत कॉलोनी में 17 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बेअंत कॉलोनी के ओमअंक नारायण के रूप में हुई है। थाना जमालपुर की पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई पुष्कर ने बताया कि घटना घर की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में हुई। जब ओमअंक काफी देर तक नीचे नहीं आया, तो उसकी मां को चिंता हुई। उन्होंने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से बंद होने के कारण कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा खुलवाया गया, जहां ओमअंक का शव छत से लटका मिला। परिवार के अनुसार, ओमअंक पढ़ाई में होशियार था और हाल ही में उसने सीबीएसई की 10वीं कक्षा 72 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। वह शतरंज का भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी था और पिछले 4-5 वर्षों से इस खेल में सक्रिय था। उसने राज्य स्तर पर भी कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। परिवार ने यह भी बताया कि ओमअंक के पिता का कुछ साल पहले निधन हो गया था। जिसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। हालांकि, उसकी आत्महत्या के वास्तविक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।



# विधायक बग्गा ने बाल सिंह नगर व कबीर नगर की गलियों के निर्माण कार्य का किया उदघाटन



लुधियाना/यूटर्न/30 अप्रैल। विधानसभा उत्तरी के वार्ड 8 स्थित बाल सिंह नगर व कबीर नगर स्थित गुरदियाल आटा चक्की के निकट शुरू हुए गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक चौ. मदन लाल बग्गा ने किया। इस अवसर पर पार्षद अमन बग्गा खुराना सहित इलाका निवासी भी उपस्थित रहे। विधायक मदन लाल बग्गा ने कहा कि विधानसभा उत्तरी क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। वार्ड 8 में पिछले लंबे समय से गलियों की हालत खराब होने के कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब नई गलियों के निर्माण से लोगों को राहत मिलेगी और क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार लोगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है। क्षेत्र में सडकें, गलियां, सीवरेज और सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पार्षद अमन बग्गा खुराना ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# फर्जी स्टॉक ऐप से 31 लाख की ठगी, राजस्थान का आरोपी गिरफ्तार; 12 लाख रुपये पीड़िता को लौटाए



अजीत झा



पंचकूला/यूटर्न/30 अप्रैल। पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने ऑनलाइन निवेश के नाम पर लाखों रुपये की ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फर्जी स्टॉक मार्केट ऐप और व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए महिला से करीब 31 लाख रुपये ठग लिए थे। पुलिस के अनुसार जून 2024 में पंचकूला निवासी पीड़िता और उसके बेटे को फेसबुक के माध्यम से एक कथित निवेश कंपनी के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद आरोपी ने व्हाट्सएप के जरिए संपर्क कर शेयर बाजार में निवेश पर दोगुना मुनाफा देने का लालच दिया। पीड़िता को एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया और एक ऐप डाउनलोड करवाई गई, जिसमें अलग-अलग समय पर करीब 37.89 लाख रुपये निवेश करवाए गए।

शुरूआत में विश्वास जीतने के लिए आरोपियों ने पीड़िता के बेटे के खाते में 6.20 लाख रुपये ट्रांसफर किए। बाद में ऐप में करोड़ों का फर्जी मुनाफा दिखाया गया, लेकिन जब पीड़िता ने पैसे निकालने की कोशिश की तो उससे 'कैपिटल गेन टैक्स' के नाम पर 30 लाख रुपये और मांगे गए। शक होने पर जांच में पूरा मामला फर्जी निकला। जांच के दौरान सामने आया कि ठगी की राशि देश के विभिन्न राज्यों के करीब 10 बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी। इनमें से एक खाते में 3.60 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची।

साइबर थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने 29 अप्रैल को जिला दौसा (राजस्थान) निवासी आरोपी सुरज्ञान सैनी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बैंक खातों का इस्तेमाल कर ठगी की रकम को इधर-उधर ट्रांसफर किया। आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाया जा सके और पूरी ठगी की राशि बरामद की जा सके। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में अब तक करीब 12 लाख रुपये रिकवर कर पीड़िता को लौटाए जा चुके हैं। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान ऐप या व्यक्ति के झांसे में आकर निवेश न करें और अपनी निजी जानकारी साझा करने से बचें।

## वृंदावन में मिला लापता 18 वर्षीय युवक, पंचकूला पुलिस ने 24 घंटे में किया सकुशल बरामद



पंचकूला/यूटर्न/30 अप्रैल। कालका क्षेत्र से लापता हुआ 18 वर्षीय युवक उत्तर प्रदेश के वृंदावन से सकुशल बरामद कर लिया गया। पंचकूला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर युवक को ढूंढकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार 28 अप्रैल को कालका में अपनी मौसी के घर रह रहा युवक अचानक लापता हो गया। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर उन्होंने थाना कालका में शिकायत दर्ज करवाई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कालका के इंस्पेक्टर मनसा राम के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और स्थानीय स्तर पर जांच शुरू की। जांच के दौरान मिले अहम सुरागों के आधार पर पुलिस को पता चला कि युवक उत्तर प्रदेश के वृंदावन पहुंच गया है। इसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 29 अप्रैल को वृंदावन से युवक को सकुशल बरामद कर लिया और सुरक्षित वापस लाकर परिजनों को सौंप दिया। जांच में सामने आया कि युवक के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है और वह कालका में अपनी मौसी के साथ रह रहा था। युवक ने पुलिस को बताया कि वह मानसिक सुकून की तलाश में बिना किसी को बताए वृंदावन चला गया था। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने युवाओं और अभिभावकों से अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं को घर से बाहर जाते समय अपने परिजनों को अवश्य सूचित करना चाहिए। वहीं, अभिभावकों को बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार रखते हुए ऐसा माहौल बनाना चाहिए, जहां बच्चे अपनी भावनाएं खुलकर साझा कर सकें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# 'दमा दम मस्त कलंदर' का टीजर मोहाली वॉक में लॉन्च, स्टार कास्ट ने मीडिया से की खास बातचीत



मोहाली/यूटर्न/30 अप्रैल। पंजाबी फिल्म 'दमा दम मस्त कलंदर' का टीजर मोहाली वॉक में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया। इस मौके पर फिल्म की स्टार कास्ट ने मीडिया से बातचीत करते हुए अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में फिल्म से जुड़े कई प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति रही, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य कलाकार किंग बी चौहान, निमार्ता विक्की कंबोज, निर्देशक सुखवीर सिंह, लेखक सुमित भट्ट, अभिनेत्री मालवी मल्होत्रा, वरिष्ठ अभिनेत्री अनीता देवगन, रूपिंदर रूपी, कॉमेडी कलाकार प्रीतिश नरूला और मिंटू कापा, तथा हेड प्रोजेक्ट डिजाइनर मनराज राय मौजूद रहे।

ऑस्ट्रेलिया के खूबसूरत लोकेशंस पर फिल्माई गई यह बहुप्रतीक्षित फिल्म सुखवीर सिंह के निर्देशन में बनी है और इसकी कहानी सुमित भट्ट ने लिखी है। फिल्म का निर्माण स्टार मून फिल्म प्रोडक्शंस और चकोरा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया गया है। जेन-जी स्टार किंग बी चौहान इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, उनके साथ अभिनेत्री मालवी मल्होत्रा भी अहम किरदार निभा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान दोनों कलाकारों ने फिल्म की कहानी, अपने किरदारों और शूटिंग के अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की।

फिल्म के निमार्ता विक्की कंबोज और प्रभ गोराया हैं। सिनेमैटोग्राफी सुरेश बाबू ने संभाली है, जबकि संगीत जे के ने दिया है। कोरियोग्राफी दियूष मेहरा और एडिटिंग वरिंदर सिंह सैनी द्वारा की गई है। फुल एंटरटेनमेंट पैकेज पर आधारित इस फिल्म की शूटिंग तय समय में पूरी कर ली गई है और यह फिल्म 22 मई 2026 को विश्वभर में रिलीज होने के लिए तैयार है।

किंग बी चौहान, जिन्होंने अपने हिट गाने 'अपडेट गबरू' से लोकप्रियता हासिल की, ने कहा कि यह फिल्म दर्शकों को एक नया और मनोरंजक अनुभव देगी। उन्होंने यह भी बताया कि उनका उद्देश्य पंजाबी संस्कृति को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देना और मनोरंजन के माध्यम से पंजाब के सामाजिक मुद्दों को उजागर करना है।

## पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र: जेल सुधार से सियासी टकराव तक

पंजाब/यूटर्न/30 अप्रैल। विधानसभा का विशेष सत्र शुक्रवार को मजदूर दिवस के मौके पर आयोजित हो रहा है। इस सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच कई अहम मुद्दों पर जोरदार टकराव देखने को मिल सकता है। सबसे अधिक चर्चा 'जी राम जी योजना' को लेकर है, जिसे सरकार मनरेगा के विकल्प के रूप में पेश कर सकती है। सियासी मोर्चे पर अअढ के कुछ राज्यसभा सदस्यों के इखढ में शामिल होने पर निंदा प्रस्ताव लाए जाने की भी चर्चा है।



सरकार इस सत्र में 130 साल पुराने जेल कानून (1894) की जगह नया प्रिजन बिल पेश कर सकती है, जिसमें अकआधारित CCTV, बायोमेट्रिक पहचान, एंटी-ड्रोन सिस्टम और कैदियों के पुनर्वास जैसे आधुनिक प्रावधान शामिल हैं। विपक्ष ने सत्र की मंशा पर सवाल उठाए हैं। नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने इसे जनहित से ज्यादा राजनीतिक करार दिया है। यह सत्र पंजाब की राजनीति और प्रशासनिक सुधारों पर बड़ा विमर्श बन सकता है।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 प्रशासन के 'भरोसे' पर टला सिद्धवां बेट थाने का घेराव

# महिलाओं का जन आक्रोश फूटा: मौलीजागरा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मशाल पदयात्रा

## कांग्रेस और सहयोगी दलों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन



चंडीगढ़/यूटर्न/30 अप्रैल। चंडीगढ़ के मौलीजागरा क्षेत्र में वीरवार को महिलाओं के नेतृत्व में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में एक प्रभावशाली जन आक्रोश मशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आई सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दलों के खिलाफ अपना तीव्र विरोध दर्ज कराया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में वोट कर नारी शक्ति का अपमान किया है, जिसे देश की महिलाएं कभी स्वीकार नहीं करेंगी। यह मशाल पदयात्रा सामुदायिक केंद्र, मौली जागरा के बाहर से शुरू होकर शिव मंदिर, मौली जागरा तक निकाली गई। पूरे मार्ग में महिलाओं ने हाथों में मशालें लेकर और जोरदार नारों के साथ अपने आक्रोश को व्यक्त किया। 'नारी शक्ति का सम्मान करो', 'महिला विरोधी सोच नहीं चलेगी' और 'नारी शक्ति जिंदाबाद' जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। महिलाओं का उत्साह और एकजुटता इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी ताकत रही। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप महापौर सुमन अमित शर्मा उपस्थित रहीं।

# विलक्षण प्रतिभा सम्पन्न थे मान्यता प्राप्त पत्रकार स्व. वी.एन. सुधाकर

## हरियाणा के एकमात्र पत्रकार जिन्होंने दर्जनों दैनिक अखबारों में एक साथ सेवाएं दी

निर्मल सिंह



पानीपत, 30 अप्रैल। ऐसे व्यक्ति विरले ही होते हैं जो केवल थोड़े समय के लिए ही सितारों की तरह खुद तो जगमगाते ही हैं तथा समाज में भी एक ऐसी दिशा स्थापित कर देते हैं कि जिससे उनके क्षेत्र से जुड़े लोग भी ऐसे लोगों पर गर्व करते हैं। कुछ ऐसे ही थे पानीपत के वरिष्ठ पत्रकार वी. एन. सुधाकर।

जिनकी एक मई को पुण्य तिथि मनाई गयी। मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार स्व.वी.एन. सुधाकर जी ने पत्रकारिता क्षेत्र में अपनी मेहनत से खूब नाम कमाया और अपनी ईमानदारी से आजीवन पत्रकारिता के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहे। जिस वक्त पत्रकार को नामानिगार के नाम से जाना जाता था और अखबारों को खबरे भेजनें के लिए न तो फेक्स होता था और न ही मेल उस वक्त के दौर में सन 1958 में खबरें सिर्फ डाक के द्वारा आर एम एस रेल द्वारा ही भेजी जाती थी उस वक्त स्व. श्री वी.एन सुधाकर जी ने लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पत्रकारिता के क्षेत्र मे कदम रखा।

# चंडीगढ़ में पुलिस हिरासत में महिला की मौत, अस्पताल में परिजनों का हंगामा

अजीत झा



चंडीगढ़/यूटर्न/30 अप्रैल। चंडीगढ़ में पुलिस हिरासत में एक 59 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने सेक्टर-16 स्थित अस्पताल में जमकर हंगामा किया और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। जानकारी के अनुसार सेक्टर-19 थाना पुलिस बीती रात चोरी के संदेह में तीन महिलाओं और एक रेहड़ी चालक का पीछा करते हुए सेक्टर-17 तक पहुंची। इस दौरान पुलिस ने बापूधाम कॉलोनी निवासी 59 वर्षीय छाया देवी और एक रेहड़ी चालक को पकड़ लिया, जबकि अन्य दो महिलाएं मौके से फरार हो गईं। पुलिस हिरासत में लेने के बाद छाया देवी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें तुरंत सेक्टर-16 के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने छाया देवी के साथ मारपीट की, जिसके चलते उनकी मौत हुई। परिजनों ने दावा किया कि शव पर चोट के निशान भी दिखाई दे रहे हैं। मृतका की दो अन्य साथियों ने भी आरोप लगाया कि पुलिस ने छाया देवी के साथ मारपीट की थी। परिजनों के अनुसार, छाया देवी अन्य महिलाओं के साथ कूड़ा बीनने का काम करती थी। वहीं पुलिस की ओर से डीएसपी दलबीर सिंह भिंडर ने बताया कि महिलाएं कथित रूप से चोरी कर रही थीं और भागने के दौरान छाया देवी गिर गई थी। उन्होंने कहा कि महिला की मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

फिलहाल शव को सेक्टर-16 अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है और मामले की जांच जारी है।

# केजरीवाल की राह पर चलते हुए भगवंत मान न्यायपालिका से बचने का कर रहे दुस्साहस: तरुण चुग

## 1 मई का विशेष सत्र कोर्ट से बचने की सोची-समझी चाल: भाजपा

चंडीगढ़/यूटर्न/30 अप्रैल। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह अपने राजनीतिक मार्गदर्शक अरविंद केजरीवाल की तर्ज पर न्यायपालिका से बचने का प्रयास कर रहे हैं। चुग ने कहा कि मानसा की अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से बचने के लिए मुख्यमंत्री ने 1 मई को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। उनके अनुसार, यह कदम न्यायिक प्रक्रिया से बचने और अदालत की गरिमा को कमजोर करने की कोशिश है। उन्होंने दावा किया कि अदालत की टिप्पणियों के अनुसार, मुख्यमंत्री वर्ष 2022 से अब तक एक बार भी व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं हुए हैं और लगातार विभिन्न कारणों से छूट मांगते रहे हैं। चुग ने कहा कि अदालत ने इस रवैये पर सख्त टिप्पणी करते हुए चेतावनी दी है कि अगली सुनवाई पर अनुपस्थित रहने की स्थिति में जमानत रद्द की जा सकती है। चुग ने यह भी कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने की मांग को अदालत पहले ही खारिज कर चुकी है, इसके बावजूद मुख्यमंत्री अदालत में पेश होने से बच रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि पिछले चार वर्षों में पहली बार मजदूर दिवस (1 मई) पर विधानसभा सत्र बुलाया जाना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है और अब शासन को ढाल बनाकर अदालत से बचने का प्रयास किया जा रहा है। चुग ने आम आदमी पार्टी पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली से लेकर पंजाब तक पार्टी नेतृत्व ने बार-बार अदालतों की अवहेलना की है।

# ऑस्ट्रेलिया से लौटे 15 भारतीय, 11 पंजाब के; दिल्ली एयरपोर्ट पर सरकार ने किया रिसीव, पुनर्वास पर फोकस



नई दिल्ली/चंडीगढ़। ऑस्ट्रेलिया से डिपोर्ट किए गए 15 भारतीय नागरिकों का जत्था गुरुवार को भारत पहुंचा, जिनमें 11 युवक पंजाब से संबंधित बताए जा रहे हैं। इन नागरिकों को रिसीव करने के लिए पंजाब सरकार का प्रतिनिधिमंडल इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर मौजूद रहा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विदेशों में कानून का उल्लंघन करने पर ऐसी कार्रवाई होना स्वाभाविक है, लेकिन इन युवाओं की वापसी एक गंभीर सामाजिक मुद्दे की ओर भी संकेत करती है। उन्होंने कहा कि सरकार इन सभी लौटे हुए युवाओं की पूरी पृष्ठभूमि की जांच करेगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं वे अवैध ट्रैवल एजेंटों या गलत मार्गदर्शन का शिकार तो नहीं हुए। जरूरत पड़ने पर केंद्र के विदेश मंत्रालय से भी संपर्क किया जाएगा।

सीएम मान ने कहा कि यह स्थिति दुखद है, लेकिन राज्य सरकार इन युवाओं के पुनर्वास और मुख्यधारा में वापस लाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंजाब सरकार राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने पर काम कर रही है, ताकि युवाओं को मजबूरी में विदेशों का रुख न करना पड़े। यह मामला एक बार फिर विदेश जाने की होड़ और अवैध प्रवासन के खतरे को उजागर करता है, जिस पर सरकार और समाज दोनों को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

# बीवीएम, यूएसएन में उत्साह पूर्वक मनाया गया श्रमिक दिवस



लुधियाना/यूटर्न/30 अप्रैल। भारतीय विद्या मंदिर, ऊधम सिंह नगर में गर्व के साथ श्रमिक दिवस मनाया गया। इस विशेष दिवस का आयोजन समाज को आकार देने में श्रमिकों के अमूल्य योगदान का सम्मान करने के लिए आयोजित किया गया। इस विशेष दिवस की शुरूआत में नौवीं कक्षा की छात्रा सुभाश्री ने अपने वक्तव्य के माध्यम से समाज में श्रमिकों के कार्य के महत्व और उनके काम की गरिमा पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त कक्षा पांचवी के छात्रों ने श्रमिकों के जीवन और संघर्षों को संवेदनशील रूप से चित्रित करते हुए एक सम्मोहक भूमिका प्रस्तुत की। श्रम की गरिमा विषय पर पोस्टर मेकिंग गतिविधि में नौवीं कक्षा के छात्र शामिल हुए, जिन्होंने जीवंत और विचारोत्तेजक कलाकृति के द्वारा अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। श्रमिक वर्ग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत एकता और प्रशंसा के संदेश से परिपूर्ण एक मधुर समूह गीत तथा नृत्य ने इस कार्यक्रम को और समृद्ध बना दिया तथा छात्रों ने उत्साह से विभिन्न एथलेटिक गतिविधियों में भाग लेकर उत्सव में ऊर्जा और समूह भावना का संचार कर दिया तथा छठी कक्षा के छात्रों ने स्कूल के सहायक कर्मचारियों के लिए अति सुंदर कार्ड बनाकर उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य पवन सूद ने विद्यालय के सभी सहायक कर्मचारियों को ग्रीटिंग कार्ड देकर सम्मानित किया।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### तनाव में खरीदारी करने पर मन को अच्छा क्यों लगता है?

आज के समय में तनाव लगभग हर व्यक्ति की ज़िंदगी का हिस्सा बन चुका है। ऐसे में बहुत से लोग तनाव से राहत पाने के लिए खरीदारी का सहारा लेते हैं। यह केवल एक आदत नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया भी है। जब हम कोई नई चीज खरीदते हैं, तो हमारे मस्तिष्क में डोपामिन नामक रसायन का स्राव होता है। यह वही हार्मोन है जो हमें खुशी और संतोष का अनुभव कराता है। इसलिए जब हम कुछ नया खरीदते हैं, तो हमें थोड़ी देर के लिए खुशी महसूस होती है और हमारा ध्यान तनाव से हट जाता है। इसके अलावा, खरीदारी करने से व्यक्ति को अपने जीवन पर नियंत्रण का एहसास होता है। जब हम अपनी पसंद की चीज चुनते हैं, तो हमें लगता है कि हम अपने निर्णय खुद ले रहे हैं, जिससे आत्म-संतोष बढ़ता है। यही कारण है कि कई लोग उदासी या चिंता के समय शॉपिंग करना पसंद करते हैं। हालांकि, यह खुशी अक्सर अस्थायी होती है। अगर यह आदत ज्यादा बढ़ जाए, तो यह आर्थिक समस्याओं और और अधिक तनाव का कारण बन सकती है।

इसलिए जरूरी है कि

हम तनाव से निपटने के लिए संतुलित और स्वस्थ तरीकों जैसे व्यायाम, ध्यान या दोस्तों से बातचीत का सहारा लें।

हालांकि खरीदारी से मिलने वाली खुशी क्षणिक होती है, लेकिन सही तरीके से तनाव को संभालना दीर्घकालिक सुख देता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Maintenance न देने पर क्या कार्रवाई हो सकती है?**

अदालत द्वारा Maintenance (भरण-पोषण) तय होने के बाद भी कई बार देखा जाता है कि संबंधित व्यक्ति भुगतान नहीं करता। ऐसे में यह केवल एक निजी विवाद नहीं रहता, बल्कि कानूनी उल्लंघन (violation of court order) बन जाता है।

यदि अदालत ने Maintenance देने का आदेश दिया है और उसके बावजूद भुगतान नहीं किया जाता, तो लाभार्थी (जिसे Maintenance मिलना है) अदालत में execution proceedings या recovery application दाखिल कर सकता है।

विशेष रूप से, धारा 125 CrPC (अब प्रक्रिया भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) के तहत) में यह प्रावधान है कि यदि Maintenance का भुगतान नहीं किया जाता, तो अदालत warrant जारी कर सकती है और बकाया राशि की वसूली करवा सकती है। कुछ मामलों में, लगातार भुगतान न करने पर अदालत सजा (imprisonment) का आदेश भी दे सकती है, हालांकि यह हर मामले की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसके अलावा, Family Court में भी maintenance order के पालन के लिए कानूनी उपाय उपलब्ध होते हैं, जहां अदालत सीधे वसूली या अन्य निर्देश दे सकती है। यह भी देखा जाता है कि कई लोग जानबूझकर अपनी आय छुपाते हैं या भुगतान टालते हैं, लेकिन अदालत ऐसे मामलों में तथ्यों के आधार पर उचित कदम उठाती है।

निष्कर्ष: Maintenance देना केवल नैतिक नहीं, बल्कि कानूनी जिम्मेदारी है। अदालत के आदेश की अनदेखी करने पर वसूली, वारंट और यहां तक कि सजा भी हो सकती है।

# पंचकूला में मॉर्निंग इंस्पेक्शन अभियान जारी, कमिश्नर विनय कुमार ने संभाली निगरानी की कमान





पंचकूला/यूटर्न/30 अप्रैल। नगर निगम पंचकूला के आयुक्त विनय कुमार के नेतृत्व में चल रहा मॉर्निंग इंस्पेक्शन अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के तहत शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था, नागरिक सुविधाओं और विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है, जिससे जमीनी स्तर पर सुधार सुनिश्चित हो सके। अभियान के 27वें दिन सेक्टर-6 में औचक निरीक्षण किया गया, जहां सड़कों के गली-नालों (रोड गली) और बर्म की मरम्मत कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। अधिकारियों को सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने और स्वच्छता स्तर में सुधार के निर्देश दिए गए। 28वें दिन सेक्टर-9 में अचानक निरीक्षण किया गया। यहां सिविल कार्यों, सफाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव की समीक्षा की गई। आयुक्त ने पिछली निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर कार्यों में निरंतरता और ठोस सुधार सुनिश्चित करने पर जोर दिया। 29वें दिन अभियान को ग्रामीण क्षेत्रों तक विस्तार देते हुए सुखदर्शनपुर और खटोली गांव में निरीक्षण किया गया। सुखदर्शनपुर स्थित डॉग केनल में आवारा कुत्तों के नसबंदी कार्य और सुविधाओं की समीक्षा की गई। इसके अलावा डोर-टू-डोर कलेक्शन, सामुदायिक केंद्रों के संचालन और रखरखाव का भी जायजा लिया गया। ग्रामीणों द्वारा उठाई गई शिकायतों के आधार पर श्मशान घाट, एसटीपी और खटोली में बन रहे खेल स्टेडियम व सामुदायिक केंद्र के कार्यों की समीक्षा कर उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। 30वें दिन सेक्टर-16 (सेक्टर 16, 17 और 18 के तहत) में निरीक्षण किया गया। यहां सड़क गली, सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों और कचरा डंपिंग से जुड़े कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों को लंबित सिविल कार्यों को जल्द शुरू करने और स्वच्छता में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। नगर निगम आयुक्त विनय कुमार ने कहा कि नियमित निरीक्षण, जवाबदेही और समयबद्ध कार्यान्वयन के जरिए शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही स्वच्छ और बेहतर पंचकूला का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# पीजीआई चंडीगढ़ के 39वें दीक्षांत समारोह में बोले जेपी नड्डा, मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य ढांचे में बड़े विस्तार पर जोर

अजीत झा




चंडीगढ़/यूटर्न/30 अप्रैल। पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च के 39वें दीक्षांत समारोह में गुरुवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शिरकत की और स्नातक छात्रों को संबोधित किया। इस मौके पर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और नीति आयोग के पूर्व सदस्य विनोद के. पॉल भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में नड्डा ने छात्रों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने पीजीआईएमईआर को उत्तर भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में से एक बताते हुए कहा कि यह संस्थान विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाओं, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और शोध का प्रमुख केंद्र है।

नड्डा ने कहा कि दशकों से डॉक्टरों, वैज्ञानिकों और स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पण ने पीजीआई को एक प्रतिष्ठित संस्थान बनाया है। उन्होंने बताया कि संस्थान में इस समय 850 से अधिक एक्स्ट्राम्यूरल और 100 से ज्यादा इंट्राम्यूरल रिसर्च प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, जो इसकी शोध क्षमता को दर्शाते हैं। उन्होंने पीजीआई की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि यहां एक साथ पैंक्रियास-किडनी ट्रांसप्लांट, किडनी ट्रांसप्लांट और लिवर ट्रांसप्लांट जैसे जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने देश में मेडिकल शिक्षा के विस्तार पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एक दशक पहले जहां देश में 387 मेडिकल कॉलेज थे, उनकी संख्या बढ़कर अब 818 हो गई है। इसी तरह एमबीबीएस सीटें 51 हजार से बढ़कर 1.26 लाख से अधिक हो चुकी हैं, जबकि पीजी सीटें 31 हजार से बढ़कर लगभग 81-85 हजार तक पहुंच गई हैं। नड्डा ने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में 75 हजार नई यूजी और पीजी सीटें जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रही है, जिनमें से 28 हजार सीटें पिछले दो वर्षों में जोड़ी जा चुकी हैं।

उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च और पेशेवर शिक्षा एक विशेषाधिकार है, जिस पर सरकार प्रति छात्र प्रति वर्ष 30-35 लाख रुपये तक खर्च करती है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने पेशे में करुणा और मानवीय संवेदनाओं को बनाए रखें।

# जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा से सशक्त बना रहा नोबल फाउंडेशन : राज्यपाल कटारिया, स्वाभिमान अवॉर्ड में सम्मानित हस्तियां

लुधियाना/यूटर्न/30 अप्रैल। समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था नोबल फाउंडेशन द्वारा बुधवार को सत्र प्रारंभ एवं स्वाभिमान अवार्ड 2026 का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल पंजाब गुलाब चंद कटारिया रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि पंजाब राज्य के फूड कमीशन के अध्यक्ष बाल मुकंद शर्मा उपस्थित रहे। देश की नामी हस्तियों में पद्म ओंकार सिंह पाहवा, पद्मश्री डॉ नारायण व्यास, सुरेंद्र पाल शर्मा, साहिब सिंह थिंद और सुचेता भट्टाचार्जी शामिल रहे। नोबल फाउंडेशन विगत कई वर्षो से उन हजारों जरूरतमंद बच्चों के सपनों को पंख दे रही है, जो कभी स्कूल जाने का केवल सपना ही देखते थे। संस्था ने शिक्षा की अलख जगाकर इन बच्चों का हाथ थामा है और पढ़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा इंडिया के संकल्प को साकार किया है। वर्तमान में संस्था मां शारदा विद्यापीठ के नाम से 30 विद्यालयों के माध्यम से 5000 से अधिक वंचित बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है। संस्था का एकमात्र उद्देश्य है, इन विद्यार्थियों को शिक्षित कर देश का भविष्य उज्ज्वल बनाना।







### नोबल फाउंडेशन समाज में स्वाभिमान की भावना जगा रही

राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने संबोधन में कहा कि नोबल फाउंडेशन वास्तव में समाज में स्वाभिमान की भावना जगा रही है। संस्था के कार्यों को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने संस्था के फाउंडर राजेंद्र शर्मा को नेक कार्य के लिए भगवान का वरदान बताते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप यह कार्य करके केवल विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल नहीं कर रहे ब्लिक देश को रोशनी की ओर बढ़ा रहे हैं। उन्होंने अपने आप को भाग्यशाली बताते हुए कहा कि मैं बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं कि आज मैं संस्था के कार्यक्रम में उपस्थित रहा। जिससे मुझे इन विद्यार्थियों को देखने का मौका मिला और मैं यह कहने में बिल्कुल दुविधा महसूस नहीं करता कि जिस प्रकार संस्था के विद्यार्थी मंच का संचालन अंग्रेजी भाषा में कर रहे थे और अपनी उत्सुकता से अपनी संस्था का कई सालों का सफर बता रहे थे, वह अपने आप में अद्भुत था। प्रस्तुत कार्यक्रम देखकर मन प्रफुल्लित हुआ क्योंकि विद्यार्थी जो अपने भावों से प्रस्तुत कर रहे थे उनके भाव उनके चेहरे व्यक्त कर रहे थे।






*इन प्रमुख हस्तियों को मिला स्वाभिमान अवॉर्ड...समागम के दौरान पद्मश्री ओमकार सिंह पाहवा एमडी, एवन साइकिल लिमिटेड, लुधियाना, पद्मश्री डॉ. नारायण व्यास पुरातत्वविद्, भोपाल, डॉ. सुरेंद्र पी. शर्मा वैज्ञानिक, यूएसए, साहिब सिंह – नेशनलिस्ट एवं समाजसेवी, कनाडा और सुचेता भट्टाचार्य शास्त्रीय संगीतकार, मुंबई को स्वाभिमान अवॉर्ड मिला।*

### विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी

कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे महामहिम राज्यपाल के आगमन से हुआ। वंदे मातरम् एवं दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात माँ शारदा विद्या पीठ के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान संस्था के विद्यार्थियों द्वारा मंच संचालन किया गया। समारोह में नोबल फाउंडेशन के लगभग 80 विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने पूरे हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में नोबल फाउंडेशन की 150 समर्पित अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने अनुशासन एवं समन्वय के साथ कार्यक्रम के संचालन में अपना अमूल्य सहयोग दिया।





### समारोह में यह मुख्य मेहमान हुए शामिल

समोह में पंजाब स्टेट फूड कमिश्न के अध्यक्ष बालमुकुंद शर्मा, उमेश मुंजाल मैनेजिंग डायरेक्टर हाईवे इंडस्टरीज, प्रवीण चडढ़ा शिव फोर्जिंग, अविनाश गुप्ता मैनेजिंग डायरेक्टर आर एन गुप्ता एंड कंपनी, संजीव पाहव मैनेजिंग डायरेक्टर रॉल्सन इंडिया लिमिटेड, इनकम टैक्स एडवोकेट सुधीर सहगल, हिमांशु कवात्रा रियल एस्टेट, अभिनव कालरा इंडस्ट्रियलिस्ट, नवनीत जयरथ मैनेजिंग डायरेक्टर मेटल मैन, सुरेश कुमार जैन रेल टैक लिमिटेड, जगदेव सिंह बोपाराए बोपाराए इलेक्ट्रिकल, राजीव कौशल चार्टर्ड अकाउंटेंट डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट डीवीटी संगठन, देवेंद्र गर्ग गर्ग फर्नेस लिमिटेड, कृपाल सिंह पंजाब पाइप, अश्विनी छाबड़ा छाबड़ा ट्रेडिंग कंपनी, जे आर सिंगल ईस्टमैन ग्रुप, रश्मि शर्मा फाइनेंस कंट्रोलर नोबल फाउंडेशन, मीना गुप्ता आनंद कॉनकास्ट लिमिटेड, रमेश बांसल स्टॉक एक्सचेंज, प्रियंका मेहतानी, विजय मेहतानी, नरेश धींगान बाबा दास लीडर, अश्विनी गर्ग प्रेसिडेंट महाराज अग्रसेन सेवा संघ रिनाउंड, इंडस्ट्रीज हरीश दुआ, श्याम गुप्ता श्याम साल्ट, एडवोकेट सिकंदर जैन, पंकज जैन स्टाइलिश बाथ, मीनाक्षी जैन जनरल सेक्रेटरी नोबल फाउंडेशन, विक्रम व्यास सीनियर मेंबर नोबल फाउंडेशन, सोनम व्यास, सार्थक व्यास, राधिका जेतवानी, यशपाल गुप्ता, कमलेश गुप्ता एंकर मौजूद थे।

# गीतांजलि सक्सेस अकादमी का परिणामों में शानदार प्रदर्शन



लुधियाना/यूटर्न/30 अप्रैल। गीतांजलि सक्सेस अकादमी ने आईसीएसई और आईएससी बोर्ड परीक्षाओं 2026 में शानदार परिणाम हासिल करते हुए एक बार फिर उत्कृष्टता का परिचय दिया है। विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। मैडम गीतांजलि सियाल ने बताया कि आईएससी में आशिका गोयल ने 99 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। उनके बाद नायराह ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं अलवीराह, काइना जगोटा और वानिया चोपड़ा सहित कई विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अकादमी का नाम रोशन किया। इसके अलावा अनेक विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, जो अकादमिक उत्कृष्टता को दशार्ता है। आईएससी अंग्रेजी भाषा और साहित्य में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। रेयाना लांबा और सान्वी गोयल ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि वराही और जान्या मागो ने 96 से 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी भाषा दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# पुलिस ने स्कूली छात्रों को ट्रैफिक नियमों से लेकर ड्रिल प्रशिक्षण दिया, आपातकालीन परिस्थितियों में 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' के रूप में करेंगे कार्य



पंचकूला/यूटर्न/30 अप्रैल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रज्जीपुर में आज 'छात्र पुलिस कैडेट' कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में चयनित विद्यार्थियों को पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान किए गए, जिससे उनमें अनुशासन, जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास हो सके।

शिविर के दौरान कंपनी कमांडर तथा निरीक्षक संदीप शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को विशेष रूप से शारीरिक अभ्यास करवाया गया। उन्होंने छात्र पुलिस कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को ड्रिल, कदमताल तथा कमान संचालन का गहन अभ्यास कराया गया, जिससे उनमें एक पुलिस अधिकारी जैसी स्फूर्ति, तत्परता और अनुशासन की भावना विकसित हो सके। प्रशिक्षण के दूसरे चरण में ट्रैफिक प्रभारी सूरजपुर अभिषेक की टीम द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कैडेट्स को विभिन्न ट्रैफिक संकेतों, चिन्हों और नियमों के प्रति जागरूक किया गया, ताकि वे भविष्य में 'ट्रैफिक योद्धा' के रूप में समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।



*सैक्रेड हार्ट कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भट्टियां की रिधिमा साहनी ने बाहरवीं क्लास कॉमर्स में 91% अंक प्राप्त किए।*

# ढकोली में डेंगू रोकथाम मुहिम तेज, सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण

## हर शुक्रवार, डेंगू पर वार अभियान के तहत कंटेनर सर्वे, लोगों को जागरूक किया



जीरकपुर/यूटर्न/30 अप्रैल। जीरकपुर में डेंगू बुखार से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक मुहिम शुरू कर दी है। ह्यहर शुक्रवार, डेंगू पर वारह्न अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार कंटेनर सर्वे कर रही हैं और लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन ने ढकोली क्षेत्र में गुरु नानक कॉलोनी और गुरु नानक एंक्लेव का दौरा कर डेंगू रोकथाम अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. जैन ने कहा कि डेंगू जैसे गंभीर बुखार से बचाव के लिए लोगों का जागरूक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने अपील की कि कहीं भी पानी जमा न होने दिया जाए, क्योंकि इससे डेंगू फैलाने वाले मच्छरों का पनपना आसान हो जाता है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रहा है, लेकिन डेंगू मुक्त जिला बनाने के लिए आम जनता का सहयोग भी उतना ही जरूरी है। किसी भी तरह की जानकारी या सहायता के लिए लोग स्वास्थ्य विभाग के हेल्पलाइन नंबर 104 पर संपर्क कर सकते हैं। सिविल सर्जन ने यह भी बताया कि यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो जाता है तो घबराने की जरूरत नहीं है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डेंगू की जांच और इलाज पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध है। इसके अलावा उन्होंने ढकोली के सरकारी अस्पताल में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत बनाए जा रहे स्वास्थ्य बीमा कार्ड के कार्य का भी निरीक्षण किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले नर्सिंग छात्रों और स्टाफ को इस मौके पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. गगनदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आईसीएसई और आईएससी के नतीजे घोषित, लुधियाना के स्टूडेंट्स ने लहराया परचम



लुधियाना की वराही गुप्ता ने आईसीएसई बोर्ड की 10वीं कक्षा में 95% से अधिक अंक हासिल कर टॉपर्स में अपनी शानदार जगह बनाई।



सत पॉल मित्तल स्कूल, दुगरी के स्टूडेंट अर्नव गर्ग ने 10वीं कक्षा में साइंस स्ट्रीम में 99.2% अंक हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त की।

लुधियाना/यूटर्न/30 अप्रैल। वीरवार को आईसीएसई के 10वीं क्लास और आईएससी ने बाहरवीं क्लास के नतीजे घोषित हुए हैं। इस परिणामों में लुधियाना के अलग अलग स्कूलों के स्टूडेंट्स द्वारा अच्छे अंक प्राप्त कर अव्वल नंबर हासिल किया। शहर के कई स्टूडेंट्स टॉपर भी रहे। अच्छे नंबर लाकर जहां स्टूडेंट्स ने स्कूल का नाम रोशन किया, वहीं अपने पेरेंट्स का भी मान बढ़ाया है। नतीजे घोषित होने के बाद स्टूडेंट्स के पारिवारिक सदस्यों द्वारा स्कूल स्टॉफ और रिश्तेदारों का मुंह मिट्ठा करवाते हुए नजर आए।



सत पॉल मित्तल स्कूल, दुगरी की छात्रा तरिशी सिंगला ने 12वीं कक्षा के सुपर मेडिकल स्ट्रीम में 99.25% अंक हासिल कर टॉपर के रूप में शानदार सफलता हासिल की।

# आईसीएसई 10वीं रिजल्ट में जुड़वा भाई बहन 96% अंक हासिल किए



लुधियाना/यूटर्न/30 अप्रैल। लुधियाना में सतपॉल मित्तल स्कूल (आईसीएसई) के कक्षा 10 के छात्र जुड़वा भाई बहन दिविशा और रवाँश पुनियानी ने 96 अंक हासिल कर स्कूल और अपने माता पिता का नाम रोशन किया। दोनों जुड़वां बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों, और दोस्तों के सहयोग को दिया है। उन्होंने अपनी कोचिंग गीतांजलि सक्सेस अकादमी से प्राप्त की, जहां उन्हें बेहतर मार्गदर्शन मिला।

# बिजली कटौती के खिलाफ अकाली दल का हल्ला बोल

## एक्सीयन कार्यालय का घेराव कर सरकार को दी सीधी चेतावनी



पूर्व अकाली विधायक एस आर कलेर



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/13/अप्रैल। पंजाब में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और चरमराई आपूर्ति व्यवस्था के विरोध में शिरोमणि अकाली दल ने आज प्रदेश सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकताओं ने बिजली बोर्ड के एक्सीयन (एठ) कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की।

### प्रमुख वक्ताओं के तीखे तेवर

एस.आर. कलेर (हल्का इंचार्ज): ₹पंजाब में बिजली प्रबंधन पूरी तरह फेल हो चुका है। लंबी कटौती के कारण किसानों के ट्यूबवेल बंद हैं, जिससे फसलें सूख रही हैं। सरकार आंखें मूंदकर बैठी है और उसे किसानों के दर्द



पूर्व सरपंच शिवराज सिंह

का कोई अहसास नहीं है।

गुरचरण सिंह ग्रेवाल (SGPC सदस्य): बिजली की किल्लत ने छोटे व्यापारियों और दुकानदारों की कमर तोड़ दी है। इस भीषण गर्मी में कारोबार ठप हो रहे हैं। अगर हालात जल्द नहीं सुधरे तो लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

शिवराज सिंह पूर्व सरपंच: ₹बिजली कटौती की सबसे ज्यादा मार मजदूर वर्ग पर पड़ रही है। फैक्ट्रियों और उद्योगों में काम रुकने के कारण दिहाड़ीदारों की रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है।



SGPC

### जन-जीवन पर बुरा असर

धरने के दौरान नेताओं ने सरकार को घेरते हुए कहा कि बिजली कटौती से न केवल खेती और व्यापार, बल्कि आम घरेलू जीवन भी बुरी तरह प्रभावित है:

बच्चों की पढ़ाई में बाधा आ रही है। पीने के पानी की सप्लाई ठप हो रही है। भीषण गर्मी में घरेलू कामकाज करना दूभर हो गया है।

### बड़े संघर्ष की चेतावनी

चंद सिंह डल्ला, कमलजीत सिंह मल्ला और दीदार सिंह मलक ने संयुक्त रूप से चेतावनी दी कि बिजली विभाग तुरंत बिजली आपूर्ति का पक्का शेड्यूल जारी करे। उन्होंने कहा कि यदि बिना कारण लग रहे कट बंद नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में इस संघर्ष को और तेज किया जाएगा और राज्य स्तर पर बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

इस रोष प्रदर्शन में दविंदरजीत सिंह सिद्धू, परमिंदर सिंह चीमा, मनदीप सिंह गालिब, कुलदीप सिंह गिद्दरविंडी, रेशम सिंह माणूंके (SC विंग), गुरप्रीत सिंह बसुवाल (IT विंग), संदीप सिंह मल्ला, सुखू जगरांव और अन्य कई सर्कल प्रधान व गांवों के गणमान्य अकाली नेता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

निष्कर्ष: अकाली दल ने स्पष्ट किया है कि वे जनता की समस्याओं के लिए चुप नहीं बैठेंगे और बिजली संकट के समाधान तक लड़ाई जारी रखेंगे।

# अघोषित बिजली कटों के विरोध में शिअद का एसडीएम दफ्तर समक्ष प्रदर्शन

## बिजली कट तुरंत बंद नहीं हुए तो कड़ा संघर्ष करेंगे: बबली ढिल्लों





सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/30 अप्रैल। पंजाब में पिछले कई दिनों से जारी अघोषित बिजली कटों के विरोध में वीरवार को शिरोमणि अकाली दल ने जोरदार प्रदर्शन किया। हलका इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों की अगुवाई में पार्टी कार्यकताओं ने मिनी सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना दिया और पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने कहा कि अकाली सरकार के कार्यकाल के दौरान पंजाब को बिजली सरप्लस राज्य बनाया गया था। उन्होंने दावा किया कि उस समय प्रदेश में कई नए बिजली प्रोजेक्ट लगाए गए थे, जिससे बिजली की कोई कमी नहीं थी। लेकिन बाद की सरकारों ने बिजली ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) की अनदेखी की, जिसके कारण आज हालात बिगड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बठिंडा जिले में ही 12-12 घंटे तक बिजली कट लगाए जा रहे हैं, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी के बीच लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी खराब है, जहां बिजली सप्लाई पूरी तरह चरमरा चुकी है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों को बिजली ग्रिड और सड़कों को जाम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ढिल्लों ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी की सरकार की बदइंतजामी और लापरवाही के कारण ही यह संकट पैदा हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तुरंत ठोस कदम उठाकर बिजली सप्लाई को सुचारू नहीं किया, तो शिअद इससे भी बड़ा और कड़ा संघर्ष शुरू करेगा। जिला प्रेस सचिव ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस मौके पर बलजीत सिंह बीड़ बहमन, दलजीत सिंह बराड़, गुरसेवक सिंह मान, राजबिंदर सिंह सिद्धू, यादविंदर सिंह यादि, कुलदीप नंबरदार, मोहनजीत सिंह पुरी, सुखदेव सिंह बराड़, बलविंदर कौर, जोगिंदर कौर, जगदीप सिंह गहरी, रोशन ज्ञाना, पार्षद मक्खन सिंह, जंगीर सिंह, नछत्तर सिंह, राजदीप सिंह सोई, मनिंदर सिंह सोढ़ी, हसरत मिड्डू खेड़ा, भूपेंद्र भूटान, हरप्रीत राजू तग्गड, दर्शन रोमाना, भूपेंद्र सिंह चहल, एडवोकेट विक्रम सिंह वालिया, गुरप्रीत सिंह संधू, सुमित कुमार बिंटा, जगजीत सिंह भुल्लर, राजेंद्र सिंह राजू मान, नैब सिंह बराड़, इकबाल सिंह मिठड़ी, बलविंदर सिंह बल्ली, परमपाल सिंह सिद्धू, कर्मजोग सिंह मान, हरतार सिंह, प्रितपाल सिंह, रविंद्र सिंह चीमा, सुनील फौजी, नरेंद्र पाल सिंह लाडी, हरमन पाल सिंह रिंका, हरविंदर गंजू, भोला सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नेस्ले इंडिया ने लगभग एक दशक में सबसे मजबूत तिमाही वृद्धि दर्ज की, डबल-डिजिट वॉल्यूम ग्रोथ से मिली मजबूती

जालंधर/यूटर्न/30 अप्रैल। नेस्ले इंडिया ने 31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगभग एक दशक की सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इस अवधि के स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। इस तिमाही में नेस्ले इंडिया की कुल घरेलू बिक्री 6,445 करोड़ रुपये रही, जो अब तक की सबसे अधिक है। कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने बताया कि यह प्रदर्शन डबल-डिजिट वॉल्यूम ग्रोथ और विज्ञापन खर्च में 50% से अधिक वृद्धि के कारण संभव हुआ। इस दौरान कुल बिक्री में 23.4% और घरेलू बिक्री में 23.1% की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि ईबीआईटीए मार्जिन 26.3% पर मजबूत बना रहा। मैगी, किटकैट और नेस्केफे जैसे प्रमुख ब्रांड्स ने बाजार में अपनी स्थिति और मजबूत की। कंपनी ने लागत दक्षता, डिजिटल तकनीक और नवाचार पर फोकस करते हुए बेहतर मुनाफा और बाजार हिस्सेदारी हासिल की। कन्फेक्शनरी, बेवरेजेज और कुकिंग एड्स सभी सेगमेंट्स में उच्च डबल-डिजिट वृद्धि देखने को मिली।

# 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए युवाओं का मैदानों से जुड़ना जरूरी: अरुण गिल



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/30/अप्रैल। पंजाब को नशे की दलदल से बाहर निकालने और इसे फिर से 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए नई पीढ़ी को खेलों और मैदानों से जोड़ना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। यह विचार सफाई सेवक यूनियन पंजाब के जिला अध्यक्ष अरुण गिल ने व्यक्त किए। वे स्थानीय खालसा स्कूल में बच्चों के लिए आयोजित 60 दिवसीय मानसिक और शारीरिक फिटनेस कैंप के समापन समारोह के अवसर पर बोल रहे थे।

### प्रतिभाशाली बच्चों और प्रशिक्षकों का सम्मान

कैंप के समापन पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**पुरस्कार वितरण:** प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को नगर परिषद जगरांव के सफाई सेवकों द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।

**कोच का आभार:** बच्चों को प्रशिक्षित करने वाले कोच हरभगवान सिंह रामूवालिया को उनकी निस्वार्थ सेवाओं के लिए विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

### नशे की चेन तोड़ने का संकल्प

अरुण गिल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर हम अपने बच्चों को खेलों की ओर मोड़ने में सफल रहे, तो नशे की चेन को आसानी से तोड़ा जा सकता है। उन्होंने खालसा स्कूल के खेल मैदान को आधुनिक रूप देने के लिए अपनी टीम की ओर से प्रबंधकीय कमेटी को हर संभव सहयोग देने का भरोसा भी दिलाया।

### समारोह में उपस्थित गणमान्य

इस मौके पर यूनियन के सचिव राजिंदर कुमार, उप-प्रधान सनी सुंदर, सुरजीत सिंह भागा, संदीप कुमार और प्रसिद्ध गायक संतोष राम गिल सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**मुख्य संदेश:** खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाते हैं, बल्कि समाज से बुराइयों को खत्म करने का सबसे सशक्त माध्यम भी हैं।

# चंडीगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाईः वाहन चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, पांच दोपहिया वाहन बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/30 अप्रैल। चंडीगढ़ पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए वाहन चोरी के मामलों में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच चोरी के दोपहिया वाहन भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार एसएसपी यूटी चंडीगढ़ कंवरदीप कौर के निर्देशों, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ-वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में थाना सेक्टर-39 की टीम ने यह कार्रवाई की। इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी अजय कुमार और प्रमोद को गिरफ्तार किया।



### इन मामलों में हुई गिरफ्तारी

पहला मामला ई-एफआईआर नंबर 46, दिनांक 12 जनवरी 2026 का है, जो सेक्टर-40डी स्थित किसान मंडी के पास मार्केट पार्किंग से चोरी हुई बाइक (नंबर CH-01-BK-1159) से संबंधित है। शिकायतकर्ता राज कुमार ने बताया था कि 12 जनवरी को सुबह 8:30 बजे से शाम 7 बजे के बीच उनकी बाइक चोरी हो गई थी। जांच के दौरान आरोपी अजय कुमार को 29 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया गया।

दूसरा मामला एफआईआर नंबर 71, दिनांक 17 मार्च 2019 का है, जिसमें सेक्टर-37 स्थित मकान से एक्टिवा (नंबर CH-01-BF-5094) चोरी हुई थी। इस मामले में शिकायतकर्ता मनप्रीत कौर ने पुलिस को जानकारी दी थी। जांच के दौरान आरोपी परमोड को 29 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल पांच दोपहिया वाहन बरामद किए हैं, जिनमें CH-01-AZ-5251, CH-01-BK-1159, CH-01-BS-5094, AP-04-BP-5355 और एक बिना नंबर की होंडा बाइक शामिल है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। चंडीगढ़ पुलिस ने कहा कि शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के विशेष अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# पंचकूला पुलिस ने 5 कर्मचारियों को दी सम्मानजनक विदाई, भावुक माहौल में सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित





पंचकूला/यूटर्न/30 अप्रैल। पुलिस सेवा में लंबे समय तक समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाने वाले पंचकूला पुलिस के पांच कर्मचारियों को पुलिस लाइन में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस दौरान माहौल भावुक और प्रेरणादायक रहा, जहां ढोल-नगाड़ों और तालियों की गूंज के बीच पुलिस परिवार ने अपने साथियों को विदा किया। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में इंस्पेक्टर जिले सिंह, इंस्पेक्टर श्यामलाल, इंस्पेक्टर संजीव कुमार और सब-इंस्पेक्टर तरसेम लाल समारोह में मौजूद रहे, जबकि सब-इंस्पेक्टर मैनपाल किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके। इस अवसर पर पुलिस विभाग ने न केवल कर्मचारियों के योगदान को सराहा, बल्कि उनके परिजनों की भूमिका की भी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में डीसीपी सृष्टि गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी कर्मचारी की सफल सेवा के पीछे उसके परिवार का अहम योगदान होता है। उन्होंने कहा कि परिवार के सहयोग के बिना कोई भी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से नहीं निभा सकता। डीसीपी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जीवन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अब अपने परिवार के साथ समय बिताएं और जीवन का आनंद लें। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में किसी भी सहायता के लिए पुलिस विभाग हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। साथ ही उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों से उनके अनुभव के आधार पर विभाग को सुझाव देने का आग्रह किया।

इस मौके पर पंचकूला पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज और डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने भी कर्मचारियों के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में एसीपी विक्रम नेहरा, वेलफेयर इंस्पेक्टर महावीर, एएसआई रामेश्वरदास सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी और परिजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एएसआई शिवानी ने किया।



# लुधियाना रेलवे स्टेशन के हालात हुए बद से बदतर

लुधियाना/यूटर्न/30 अप्रैल। लुधियाना रेलवे स्टेशन पर बेशक कंस्ट्रक्शन हो रही है, लेकिन यहां के हालात पहले से भी बदतर होते नजर आ रहे हैं। एक रीडर द्वारा यूटर्न टाइम अखबार को वीरवार रात की रेलवे स्टेशन की तस्वीरें भेजी गई हैं। जिसमें स्टेशन पर भारी भीड़ नजर आ रही है।

रीडर मुताबिक मौके पर स्थिति कंट्रोल करने के लिए मुलाजिम तक तैनात नहीं रहते। सभी मुलाजिम सिर्फ एंट्री गेट पर बैठे रहते हैं, उसके अलावा वे बाकी प्लेटफॉर्म पर कोई ध्यान नहीं देते। लोगों का कहना है कि केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू शहर से होने के चलते उन्हें इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

# प्रतिभा, विरासत और उपलब्धि का एक मनमोहक उत्सव, कक्षा आठवीं का वार्षिक दिवस समारोह





लुधियाना/यूटर्न/30 अप्रैल। डीएवी पब्लिक स्कूल, पक्खोवाल रोड, में वीरवार को भव्यता, उत्साह और सांस्कृतिक चमक से जगमगा उठा, जब कक्षा आठवीं के छात्रों ने उत्साह के साथ वार्षिक दिवस समारोह, प्रतिभा 2026 में भाग लिया। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम, उनकी प्रतिभा ने दर्शकों को प्रेरित और आनंदित कर दिया। कार्यक्रम का एक प्रारंभ प्रधानाचार्या, डॉ. सतवंत कौर भुल्लर का द्वारा दीप प्रज्वलन करके हुआ, जो ज्ञान, सकारात्मकता का प्रतीक है। दुर्गा स्तुति ने एक आध्यात्मिक और दिव्य वातावरण का निर्माण किया। कत्थक प्रदर्शन ने अपनी शास्त्रीय संगीत, गरिमा के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर का एक गौरवपूर्ण मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह था, जहाँ छात्रों को शिक्षा, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और पूरे वर्ष के दौरान प्राप्त की गई उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया और प्रत्येक छात्र को सफलता के लिए निरंतर प्रयास करते रहने हेतु प्रेरित किया। शैक्षणिक पर्यवेक्षक जयदीप कौर ने छात्रों और शिक्षकों के द्वारा किए गए कठिन परिश्रम ,पूर्ण समर्पण और सराहनीय टीम वर्क की सराहना की। प्रधानाचार्य डॉ. सतवंत कौर भुल्लर ने प्रतिभागियों और पुरस्कार विजेताओं की असाधारण रचनात्मकता, अनुशासन और उपलब्धियों की प्रशंसा की।

# आईफोन और कर्ज बना विवाद की जड़, युवती ने पुलिस चौकी के बाहर खुद को लगाई आग

## दुष्कर्म व धोखाधड़ी के आरोपों के बीच बड़ा कदम, पुलिस पर कार्रवाई न करने के लगे आरोप

जीरकपुर/यूटर्न/30 अप्रैल। बलटाना पुलिस चौकी के बाहर एक युवती द्वारा खुद को आग लगाने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गंभीर रूप से झुलसी युवती का इलाज चंडीगढ़ के पीजीआई अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मामला प्रेम संबंध, कर्ज और कथित दुष्कर्म से जुड़ा हुआ है। युवती पंचकूला की रहने वाली है और उसका एक युवक के साथ प्रेम संबंध था। बताया जा रहा है कि युवक ने काम न होने का हवाला देकर युवती को साथ मिलकर सैलून खोलने का झांसा दिया। सैलून खोलने के नाम पर करीब 5 लाख रुपये का खर्च बताया गया, जिसमें युवती ने 2 लाख रुपये नकद दिए, जबकि बाकी रकम के लिए उसके नाम पर लोन करवाया गया। आरोप है कि युवक ने चालाकी से युवती के नाम पर लोन लिया और उसकी बहन के नाम पर आईफोन भी फाइनेंस करवाया। कुछ महीनों बाद दोनों के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद युवक ने पैसे लौटाने की मांग शुरू कर दी। इसी दौरान युवती ने आरोप लगाया कि युवक उसे बलटाना क्षेत्र के एक निजी होटल में ले जाकर बार-बार दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता पहले पंचकूला पुलिस के पास गई, जहां से मामला घटना स्थल के आधार पर उसे बलटाना चौकी भेज दिया गया। युवती ने कुछ दिन पहले बलटाना चौकी में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

# राहुल गांधी ने पंजाब, जेएंडके और हिमाचल कांग्रेस के जिला अध्यक्षों को दी ट्रेनिंग, संगठन मजबूत बनाने के टिप्स

कांगड़ा/यूटर्न/30 अप्रैल। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार कांगड़ा में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और जम्मू कश्मीर के 80 कांग्रेस अध्यक्षों को ट्रेनिंग दी। राहुल गांधी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए श्व्हाइट कल्चर छोड़कर आम जनता से सीधे संवाद करना होगा। राहुल गांधी ने जनता से जुड़े मुद्दे उठाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नैरेटिव का जवाब मीडिया के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से दिया जाए। राहुल ने अपने साढ़े चार घंटे के ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान संगठन को मजबूत करने,



मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और विपक्ष के नैरेटिव का जवाब देने के टिप्स दिए।

### राहुल ने जिला अध्यक्षों के साथ लंच किया

राहुल गांधी ने दोपहर डेढ़ बजे के करीब कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के साथ लंच किया और दोपहर सवा दो बजे वह कांगड़ा से वापस दिल्ली लौट गए। दरअसल, कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ट्रेनिंग कैंप हिमाचल के कांगड़ा में रखा गया था। इसमें तीन प्रदेशों के 80 जिला अध्यक्षों को 10 दिन तक ट्रेनिंग दी गई। आज ट्रेनिंग कैंप खत्म हो गया है। इसी तरह के कैंप कांग्रेस दूसरे राज्यों में भी लगा चुकी है। इसका मकसद संगठन को मजबूत बनाना है।

# ड्रग्स-हथियार तस्करी का पदार्फाश, पाक से जुड़े 2 आरोपी गिरफ्तार, 4.1 किलो हेरोइन-पिस्तौल बरामद

अमृतसर/यूटर्न/30 अप्रैल। अमृतसर पुलिस ने सीमा पार से संचालित हो रहे ड्रग्स और हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 4.108 किलोग्राम हेरोइन, चार आधुनिक पिस्तौल तथा 5 कारतूस बरामद किए गए हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तरनतारन निवासी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श (21) और तरसेम सिंह उर्फ कैरों उर्फ पहलवान (31) के रूप में हुई है। बरामद हथियारों में ऑस्ट्रिया निर्मित दो 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल और चीन निर्मित दो .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं।



इस संबंध में जानकारी देते हुए अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पहले आरोपी अर्शदीप सिंह को 2.6 किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। उससे पूछताछ के बाद सह-आरोपी तरसेम सिंह उर्फ कैरों को भी पकड़ा गया, जिसके पास से 1.5 किलोग्राम हेरोइन और 4 पिस्तौल मिली।

### पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दोनों आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे। ड्रोन के जरिए सीमा पार से भेजे गए हथियार और नशीले पदार्थ ये आरोपी प्राप्त कर आगे सप्लाई करते थे। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों और उनके लिंक्स की पहचान कर रही है।

### तरसेम सिंह गैंगस्टर गुरप्रीत का करीबी

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि तरसेम सिंह गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ कृष्ण जंडियाला का करीबी सहयोगी है, जो इस समय विदेश में रह रहा है। तरसेम के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, जेल एक्ट और हत्या के प्रयास सहित 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, गैंगस्टर कृष्ण जंडियाला ने तरसेम को फर्जी पासपोर्ट बनवाकर विदेश भेजने का लालच देकर अपने लिए काम करने को कहा था।

# काउंटर इंटेलिजेंस ने पकड़ा आईएसआई नेटवर्क, लाइव फुटेज जा रही थी पाकिस्तान, एक आरोपी गिरफ्तार

जालंधर/यूटर्न/30 अप्रैल। पंजाब पुलिस के जालंधर काउंटर इंटेलिजेंस विंग ने ISI समर्थित जासूसी नेटवर्क का पदार्फाश किया है। इस ऑपरेशन के दौरान फिरोजपुर निवासी सुखविंदर सिंह उर्फ सुखा को गिरफ्तार किया गया है, जिसे इस गिरोह का प्रमुख ऑपरेटिव बताया जा रहा है। जांच में सामने आया है कि आरोपी और उसके सहयोगी सोलर पावर से चलने वाले सीसीटीवी कैमरे विभिन्न स्थानों पर लगा रहे थे। इन कैमरों के जरिए संवेदनशील स्थानों, खासकर सेना से जुड़े इलाकों की निगरानी की जा रही थी। जांच में



यह भी खुलासा हुआ है कि इन कैमरों में 4जी कनेक्टिविटी लगी हुई थी, जिससे लाइव फुटेज मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स को भेजी जा रही थी। पुलिस ने कपूरथला से चीन निर्मित सोलर सीसीटीवी उपकरण भी बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल निगरानी के लिए किया जा रहा था। इस मामले में स्टेट स्पेशल आपरेशन सेल (SSOC), अमृतसर में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अब इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान और इसके पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है।

### पुलिस बोली-शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध

पंजाब डीजीपी ने एक्स पर कहा कि वह जासूसी नेटवर्क को खत्म करने और राज्य में शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। यह कार्रवाई राज्य की सुरक्षा के लिए एक अहम कदम मानी जा रही है, जिससे संवेदनशील सूचनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# जसपिंदर सिंह मल्ली बने कनाडा के 'खालसा क्रेडिट यूनियन' के नए डायरेक्टर

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/13/अप्रैल। विश्व भर में सिख समुदाय के गौरव और एकमात्र वित्तीय संस्थान 'खालसा क्रेडिट यूनियन' (कनाडा) के हालिया चुनाव परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इस चुनाव में प्रसिद्ध सिख व्यक्तित्व जसपिंदर सिंह मल्ली को भारी बहुमत के साथ डायरेक्टर चुना गया है। सदस्यों द्वारा जताए गए इस भरोसे के बाद अब वह आधिकारिक तौर पर यूनियन के 'बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स' में शामिल होकर अपनी सेवाएँ देंगे।



### पंथक विरासत और समर्पित व्यक्तित्व

जसपिंदर सिंह मल्ली एक कट्टर गुरसिख और प्रतिष्ठित पंथक पारिवारिक पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखते हैं। उनके व्यक्तित्व का एक अहम पहलू यह है कि वह अपने कॉलेज के दिनों से ही 'सिख स्टूडेंट फेडरेशन' के सक्रिय सदस्य रहे हैं। पंथक गतिविधियों में उनकी निरंतर भागीदारी और सेवा भाव उन्हें समुदाय में एक विशेष पहचान दिलाता है।

### व्यावसायिक अनुभव से बढ़ेगी संस्थान की मजबूती

मूल रूप से जगरांव के नजदीकी गांव तलवंडी मल्लीयां से संबंधित जसपिंदर सिंह, कनाडा के एक सफल कारोबारी हैं। वह जी.एच.जी. एकेडमी जगरांव के चेयरमैन गुरमेल सिंह मल्ली और डायरेक्टर बलजीत सिंह मल्ली के भतीजे हैं। खालसा क्रेडिट यूनियन के प्रबंधकों का मानना है कि जसपिंदर सिंह की व्यापारिक सूझबूझ और अनुभव संस्थान को वित्तीय रूप से और अधिक सशक्त बनाने और सदस्यों को आधुनिक सेवाएँ प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगा।

**3 मई को वार्षिक आम बैठक (AGM) का आयोजन :**-खालसा क्रेडिट यूनियन द्वारा अपनी वार्षिक आम बैठक (AGM) का आयोजन 3 मई, को क्राउन बैंक्वेट हॉल (Crown Banquet Hall) में किय जा रहा है।

**मुख्य आकर्षण :** नवनिर्वाचित डायरेक्टर जसपिंदर सिंह मल्ली विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

**उद्देश्य :** सदस्यों से सीधे रूबरू होना और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करना।

## Huma Qureshi



बॉलीवुड एक्ट्रेस Huma Qureshi एक बार फिर अपने स्टाइल को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उनका ब्लैक ऑफ-शोल्डर आउटफिट और 'डैगर लुक' सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फैंस उनके इस बोल्ड और अलग अंदाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हिमा का ये ग्लैमरस लुक इंटरनेट पर तेजी से ट्रेंड कर रहा है। एक्ट्रेस अपने यूनिक स्टाइल और कॉन्फिडेंस से लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं।

## मध्य प्रदेश में 29 लोगों को ले जा रही क्रूज बोट डूबी, 4 की मौत, कई लापता



चंडीगढ़/यूटर्न/30 अप्रैल। गुरुवार को नर्मदा नदी के सुंदर पानी में आराम से बिताई जाने वाली एक शाम, एक भयानक आपदा में बदल गई। मध्य प्रदेश के बरगी बांध में छुट्टियों पर आए लोगों को ले जा रही एक टूरिस्ट क्रूज बोट डूब गई, जिससे चारों ओर अफरा-तफरी मच गई, बचाव के लिए जोरदार कोशिशें शुरू हो गई और मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ती गई। यह दुखद घटना जबलपुर के खमरिया द्वीप के पास हुई। मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा चलाई जा रही इस क्रूज बोट में 29 पर्यटक सवार थे। बताया जा रहा है कि अचानक आए एक तूफान के कारण बोट का संतुलन बिगड़ गया और वह उफनते पानी में डूब गई। पलक झपकते ही, मौज-मस्ती की यह सैर एक बुरे सपने में बदल गई।

अधिकारियों के अनुसार, 15 पर्यटक किसी तरह तैरकर सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए उफनते पानी से जोरदार संघर्ष किया। हालांकि, अब तक छह लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। जबकि आठ लोग अभी भी लापता हैं, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि मरने वालों की संख्या और भी बढ़ सकती है।

# प्रशासन के 'भरोसे' पर टला सिद्धवां बेट थाने का घेराव

### अवैध माइनिंग और सरपंच पर हमले को लेकर गरमाया था माहौल





-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/30/अप्रैल। सीमांकन विवाद के बाद सरपंच पर हुए जानलेवा हमले और क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रही अवैध माइनिंग के खिलाफ आज सिद्धवां बेट में 'आर-पार' की जंग की तैयारी थी। उढक(ट) की विभिन्न जत्थेबंदियों द्वारा विशाल रोष मार्च और थाने के घेराव का ऐलान किया गया था। हालांकि, टकराव की स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने सूझबूझ दिखाई और प्रदर्शनकारियों को ठोस कार्रवाई का आश्वासन देकर फिलहाल इस प्रदर्शन को स्थगित करवा दिया है।

**पुलिस बल तैनात, घंटों चली बातचीत:-** 30 अप्रैल को घोषित इस प्रदर्शन को लेकर सुबह से ही सिधवा बेट और जगरांव इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई थी। जैसे ही CPI (M) संगठनों के नेता धरना प्रदर्शन के लिए एकजुट हुए, पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आंदोलनकारियों के उग्र तेवरों को देखते हुए अधिकारियों ने प्रमुख नेताओं के साथ एक लंबी और बंद कमरे में बैठक की। प्रशासन ने मांगें सुनने के बाद इस पूरे मामले का उचित हल निकालने और दोषियों पर कार्रवाई करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। इस पुख्ता आश्वासन के बाद यूनियन नेताओं ने अपनी रणनीति बदलते हुए घेराव को स्थगित करने का निर्णय लिया।

## बुजुर्गों के खातों पर अब परिजनों का भी डिजिटल पहरा, ट्रांजेक्शन लिमिट और ड्यूल ओटीपी सिस्टम से न्यूनतम होगी धोखाधड़ी की संभावना

### सैक्टर-20 सन सिटी सोसाइटी में पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों व स्थानीय लोगों को ड्यूल ओटीपी सिस्टम की विस्तृत जानकारी दी



पंचकूला/यूटर्न/30 अप्रैल। पंचकूला में साइबर अपराधों पर प्रभावी रोक लगाने और आम नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की टीम द्वारा एक महत्वपूर्ण साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 29 अप्रैल को सेक्टर-20 स्थित श्री राम मंदिर, सन सिटी सोसायटी में थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें सोसायटी के अनेक सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा पुलिस द्वारा शुरू किए गए 'ड्यूल ओटीपी सिस्टम' के बारे में विशेष जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि यह नई व्यवस्था विशेष रूप से ह्वडिजिटल अरेस्टह्व जैसे बढ़ते साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए लागू की गई है। इस पहल के तहत एचडीएफसी बैंक के सहयोग से प्रारंभिक चरण में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के खाताधारकों को शामिल किया गया है। इस सुविधा के अंतर्गत किसी भी वित्तीय लेन-देन के दौरान आने वाला ओटीपी केवल खाताधारक के पास ही नहीं, बल्कि उनके द्वारा नामित विश्वसनीय परिजन जैसे बेटे, बेटी या अन्य सदस्य के पास भी भेजा जाएगा। दोनों की पुष्टि के बाद ही ट्रांजेक्शन पूर्ण होगा, जिससे धोखाधड़ी की संभावना काफी हद तक कम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, खाताधारकों के लिए ट्रांजेक्शन लिमिट निर्धारित करने की भी व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसी भी अनधिकृत लेन-देन को रोका जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उच्च स्तर पर भारतीय रिजर्व बैंक एवं विभिन्न बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर विस्तृत योजना तैयार की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, निवेश धोखाधड़ी और ह्वडिजिटल अरेस्टह्व जैसे नए तरीकों से ठगी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं, ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने नागरिकों को सतर्क रहने, अज्ञात कॉल्स और लिंक से बचने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में पुलिस टीम ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करें और अपने परिवार, विशेषकर बुजुर्गों को भी इसके प्रति जागरूक करें, ताकि मिलकर साइबर अपराधों के खिलाफ मजबूत रक्षा तंत्र तैयार किया जा सके।

## राष्ट्रपति से अकेले मुलाकात करेंगे सीएम भगवंत मान, विधायकों को नहीं मिली अनुमति



चंडीगढ़/यूटर्न/30 अप्रैल। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 5 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। हालांकि उन्होंने सभी विधायकों के साथ मिलने का समय मांगा था, लेकिन राष्ट्रपति भवन की ओर से केवल मुख्यमंत्री को ही मुलाकात की अनुमति दी गई है। मुख्यमंत्री ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा की। उन्होंने लिखा कि पंजाब के लोगों के जनादेश और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने 5 मई को दोपहर 12 बजे मुलाकात का समय दिया है।

सीएम मान ने कहा कि वह अपने सभी विधायकों के साथ दिल्ली पहुंचेंगे, लेकिन राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान वे अकेले ही अंदर जाएंगे। अन्य विधायक राष्ट्रपति भवन के बाहर रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह राष्ट्रपति के समक्ष पंजाब और राज्य की जनता की आवाज मजबूती से उठाएंगे। मुलाकात के बाद आगे की रणनीति साझा की जाएगी। सीएम मान ने राष्ट्रपति को समय देने के लिए धन्यवाद भी जताया। इस मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है, जहां राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

## हाईकोर्ट पहुंचे राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह: सुरक्षा बहाल करने की मांग पर केंद्र-पंजाब सरकार को नोटिस

चंडीगढ़/यूटर्न/30 अप्रैल। राज्यसभा सांसद और पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने अपनी सुरक्षा बहाल करने की मांग को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार और पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। याचिका में हरभजन सिंह ने कहा है कि उनकी सुरक्षा में कटौती की गई है, जिससे उनके और उनके परिवार की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि उनकी सुरक्षा तुरंत बहाल की जाए और उन्हें पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई जाए।



याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ लोगों ने उनके घर के बाहर 'गद्दार' लिखकर विरोध जताया था। इस घटना को लेकर उन्होंने संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की है। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकारों को निर्देश दिया कि अगली तारीख तक हरभजन सिंह और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी नागरिक, विशेषकर जनप्रतिनिधि की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने केंद्र और पंजाब सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है और मामले की अगली सुनवाई 12 मई निर्धारित की है। इस मामले ने राजनीतिक और सुरक्षा हलकों में हलचल पैदा कर दी है, जहां एक तरफ सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कानून-व्यवस्था को लेकर भी बहस तेज हो गई है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372